प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 15.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– नई योजना से शहरों में बेहतर सुविधाएँ बढ़ेंगी, अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती।
2. गृह मंत्री अमित शाह ने पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा का किया शुभारंभ, कहा – किसानों के हितों की होगी रक्षा।
3. राज्य भर में श्रद्धा के साथ मनाई जा रही महाशिवरात्रि, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के पहाड़ी मंदिर में की पूजा–अर्चना।
4. मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के भीतर पूरे राज्य के अधिकतम तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि की जताई संभावना।
5. आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में, आज भारत–पाकिस्तान आमने–सामने, उधर, महिला टी20 मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लाख करोड़ रुपये के **शहरी चुनौती कोष– यूसीएफ** को स्वीकृति दिए जाने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता वाली शहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक केंद्रित सुधारों का उपयोग करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल शहरों को देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य प्रेरक बनाएगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में **इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो** 2026 का उद्घाटन करेंगे। पाँच दिवसीय एक्सपो के जरिए आटिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यवहारिक उपयोग का प्रदर्शन किया जाएगा। इस एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, इंग्लैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, इटली और अफ्रीका सहित 13 देशों के पवेलियन लगाए जाएंगे।

****

सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए पीएम राहत योजना को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना में सड़क पर किसी भी तरह की दुर्घटना की स्थिति में एक सप्ताह के नकदी रहित इलाज के लिए डेढ लाख रुपये तक का खर्च सरकार उठायेगी।

****

गृह मंत्री अमित शाह ने देश के किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आश्वस्त किया कि सभी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा बरकरार रखी जाएगी। श्री शाह ने आज देश की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज महाशिवरात्रि के अवसर पर रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में आयोजित महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान भोलेनाथ से राज्य की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए मंगलकामना की।

इधर, महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी रांची समेत राज्य भर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि देवघर में महाशिवरात्रि पर आज भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम दिखा। वहीं, पाकुड़, जामताड़ा और कोडरमा जिले में भी शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। कोडरमा के ध्वजाधारी पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में मौजूद स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि दूसरे जिलों से भी शिवभक्त पहुंच कर यहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं।

****

धनबाद रेलवे स्टेशन पर ऋषिकेश–हावड़ा दून एक्सप्रेस के सामान्य डब्बे से 16 जीवित कछुओं को बरामद किया गया है। आरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि बरामद कछुए वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित प्रजाति में आते हैं। कछुओं को सुरक्षित रूप से वन विभाग को सौंपा जा रहा है।

****

अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी से शुरू हो गई है जो पहली अप्रैल तक जारी रहेगी। भर्ती से संबंधित विस्तृत अधिसूचना, पात्रता मानदंड एवं अन्य निर्देश **जॉइन इंडियन आर्मी** की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। रांची जिला प्रशासन ने जन शिकायत हेतु अपना आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 9430328080 भी जारी किया है।

****

पूर्व मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता दुलाल भुइयां ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि राज्य में हो रहे निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की सरकार बनने वाली है।

****

धनबाद ज़िले में दोनों नगर निकाय धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के लिए प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर चल रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डालसा की टीम ने आज मेदिनीगर स्थित केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिले के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने कारागार स्थित बैरक,महिला वार्ड, रसोईघर समेत अन्य जगहों का दौरा किया।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर दो से 15 फरवरी तक आम नागरिकों के लिए खोले गए लोक भवन उद्यान के अंतिम दिन आज लगभग 38 हजार लोगों ने उद्यान का भ्रमण किया। लोकभवन ने बताया कि इस वर्ष कुल छह लाख पंद्रह हजार से अधिक लोगों ने लोक भवन उद्यान घूमा।

****

राज्य के अधिकतर हिस्सों में गर्मी का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले चार दिनों में पूरे राज्य में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर और अधिक स्पष्ट रूप से महसूस किया जाएगा।

****

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप के ग्रुप ए में आज कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला हो रहा है। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीतकर चार–चार अंक हासिल किये हैं, जिससे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आज का मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। इस बीच, सिडनी में खेले जा रहे महिला टी – 20 क्रिकेट में भारत ने आज ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हरा दिया है।